फैक्स/क्यूमेल/आवश्यक

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

टावर–1 चर्तुथ तल, सिग्नेचर बिल्डिंग गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

संख्याःअठ्ठारह–आशु0 (वरिष्ठता)–2023 दिनांकःलखनऊःअगस्त 28,2023

## आदेश

उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा–संशोधित) में निहित निर्देशों के अर्न्तगत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये, ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) से पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) के पद पर पदोन्नति हेतु भर्ती बोर्ड स्तर पर गठित विभागीय चयन समिति की संस्तुति अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र संख्याः पीआरपीबी–चार–10(30)–2023 दिनॉक 22.08.2023 द्वारा इस मुख्यालय को उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें 44 कार्मिकों को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) से पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है। उपयुक्त पाये गये 44 कार्मिकों के सापेक्ष वर्तमान में दिनांकः 31.07.2023 तक पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) की 20 रिक्तियां विद्यमान हैं, जिनका पदोन्नति आदेश निर्गत किया जा रहा है। शेष बच रहे 24 चयनित कार्मिकों को माह अगस्त 2023 से जून 2024 तक प्रत्येक माह में रिक्त होने वाली पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) की रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया जायेगा। अध्यक्ष उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी विभागीय चयन समिति की संस्तुति पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अनुमोदित किये जाने के फलस्वरूप वर्तमान में उपलब्ध रिक्ति के सापेक्ष निम्नलिखित 20 कार्मिकों को तत्कालिक प्रभाव से इनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

| क0 सं0 | ज्ये0 क0 | पी0एन0ओ0 | नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2 | 972770013 | श्री जयराम | श्री गब्बू लाल | 20–01–1966 | यातायात निदेशालय उ0प्र0 | 2023 |
| 2 | 5 | 070897177 | मो0 कामरान त्यागी | स्व0 मौ0 इरफान | 01–04–1986 | गौतमबुद्धनगर | 2023 |
| 3 | 6 | 080820013 | श्री अर्जुन प्रसाद | श्री हृदय राम | 25–02–1974 | अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ | 2023 |
| 4 | 7 | 080820244 | श्री संतोष कुमार | श्री गेंदन लाल | 20–09–1985 | अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ | 2023 |
| 5 | 8 | 080820039 | श्री राजेन्द्र कुमार | श्री बृज लाल | 08–07–1979 | पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) कानपुर | 2023 |
| 6 | 9 | 082980027 | श्री शिव कुमार | श्री गया प्रसाद | 10–04–1974 | पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) अभिसूचना विभाग लखनऊ | 2023 |
| 7 | 10 | 082030100 | श्री सर्वेश कुमार | श्री सन्त राम | 04–02–1987 | मण्डलाधिकारी कार्यालय, अयोध्या | 2023 |
| 8 | 11 | 080020064 | श्री संदीप कुमार सोनकर | श्री पृथ्वीनाथ सोनकर | 25–01–1983 | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक | 2023 |
| 9 | 12 | 082560049 | प्रमिला कुमारी | नन्द लाल | 01–03–1981 | लखनऊ | 2023 |
| 10 | 13 | 082920018 | श्री विनोद कुमार | श्री पन्ना लाल | 29–06–1973 | सुलतानपुर | 2023 |
| 11 | 14 | 082390017 | श्री सुरेश कुमार | श्री राजाराम | 05–07–1987 | पीटीएस जालौन | 2023 |
| 12 | 15 | 082590013 | श्री संजीव कुमार | श्री होरी सिंह | 03–07–1984 | गौतमबुद्धनगर | 2023 |

Scanned with OKEN Scanner

| क0 सं0 | ज्ये0 क0 | पी0एन0ओ0 | नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 16 | 082110055 | माया देवी | श्री भगवान दीन | 02–11–1977 | रेडियो मुख्यालय, लखनऊ | 2023 |
| 14 | 17 | 080020077 | श्री अमित कुमार | श्री ओम प्रकाश | 01–07–1987 | उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, लखनऊ | 2023 |
| 15 | 18 | 080020035 | श्री जितेन्द्र कुमार | श्री बाबूलाल कुरील | 10–01–1984 | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक | 2023 |
| 16 | 20 | 082270012 | श्री मो0 अरशद सिद्दीकी | अलीमुल हक सिद्दीकी | 23–01–1987 | बांदा | 2023 |
| 17 | 21 | 082050056 | श्री राजेश मोहन | श्री राम अभिलाष वर्मा | 03–06–1973 | मऊ | 2023 |
| 18 | 22 | 082250023 | मो0 हामिद सिद्दीकी | मो0 अकरम सिद्दीकी | 01–02–1978 | सुलतानपुर | 2023 |
| 19 | 23 | 080020107 | श्रीमती सिद्धि रानी | श्री श्रीपाल यादव | 12–08–1980 | 32वीं वाहिनी पीएसी | 2023 |
| 20 | 24 | 082090018 | श्री सत्य प्रकाश पटेल | राम लखन पटेल | 20–06–1987 | आजमगढ़ | 2023 |

2– पदोन्नति पाये उक्त पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) अपने नियुक्ति स्थान जनपद/इकाई /शाखा पर कार्यभार ग्रहण करेगें। उक्त कर्मियों के परिवीक्षा काल हेतु उ0प्र0 पुलिस लिपिक लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा संशोधित) में अंकित प्रावधान के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित होगी।

3– पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संबंधित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) से **संलग्न प्रारूप (क)** में स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्याः 13/21/89–का–1–1997 दिनांकः 28.05.1997 के खण्ड–2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉः–

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है,

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिये आरोप–पत्र जारी किया जा चुका है।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। उपरोक्त तीनों परिस्थितियॉ सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के विरूद्ध विद्यमान न हों।

4– यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान नहीं हैं तो सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) को पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान पायी जाती है तो सम्बन्धित कर्मी के पदोन्नति के आदेश का कियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या इस मुख्यालय को उपलब्ध कराते हुये दिशा–निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

5– यदि सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जिस जनपद/इकाई में सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित संबंधित कर्मी को पदावनत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख इस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

6– निदेशानुसार आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

संलग्नकः प्रारूप (क)

28/08

( एल0आर0 कुमार )
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना,
उतर प्रदेश।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात निदेशालय/अभिसूचना/पीटीएस जालौन/दूरसंचार/उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0 मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ।
4. पुलिस आयुक्त, लखनऊ/गौतमबुद्धनगर।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ/प्रयागराज/वाराणसी, जोन।
6. पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, अयोध्या/चित्रकूट धाम/आजमगढ़, परिक्षेत्र।
7. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद सुलतानपुर/बांदा/मऊ/आजमगढ़।
8. सेनानायक 32 वीं वाहिनी पीएसी।
9. राज्य रेडियो अधिकारी मुख्यालय, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय महानगर लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner

# स्वघोषणा–पत्र

मैं शपथकर्ता (नाम/पदनाम व पीएनओ)————————————————————————————पुत्र

——————————निवासी————————————थाना———————————जनपद————————————

वर्तमान में(जनपद/इकाई)———————————————————————————नियुक्त हूँ। मैं प्रमाणित करता हूँ कि:–

(1) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित/प्रचलित नहीं है और न ही कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन है।

(2) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत जनपद/इकाई——————————में कार्यवाही लम्बित है, जिसमें दिनांकः——————को आरोप–पत्र दिया गया है।

(3) मेरे विरूद्ध मु0अ0सं0————————————धारा———————————————————थाना————————————

जनपद——————————में लम्बित है, जिसमें दिनांकः——————————को स्थानीय पुलिस अथवा जॉच एजेन्सी————————————द्वारा आरोप–पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग वर्तमान में————————————स्तर पर चल रहा है।

2– मेरे द्वारा प्रस्तुत घोषणा–पत्र में अंकित तथ्य यदि असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। यह घोषणा–पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशोहवास में बिना किसी दबाव के दिया जा रहा है, जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा।

हस्ताक्षर

नाम/पदनाम/पीएनओ
नियुक्ति स्थान–
दिनांकः–

प्रमाणित
जनपद/इकाई के प्रभारी

नाम/पदनाम की मुहर

नोट–स्वघोषणा–पत्र के प्रस्तर–1 के उपप्रस्तर–(1), (2) व (3) में से जो लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट (x) दिया जाय।

Scanned with OKEN Scanner